फा.सं.08/02/2025-रा.भा.(सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-॥ भवन, बी विंग, चौथा तल,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक 01 जुलाई, 2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: वित्तीय वर्ष 2024-25 से केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (CSOLS) संवर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए SPARROW पोर्टल पर वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (APAR) सृजन हेतु कस्टोडियन नोडल अधिकारी (Custodian Nodal Officer) का विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में।**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में यह अवगत कराना है कि दिनांक 26 जून, 2025 को राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (CSOLS) संवर्ग हेतु SPARROW पोर्टल का लोकार्पण किया गया था। CSOLS संवर्ग के कार्मिकों द्वारा उपलब्ध कराए गए अद्यतन आंकड़ों के आधार पर NIC द्वारा SPARROW पोर्टल (URL: https://sparrow.rajbhasha.gov.in ) पर संबंधित अधिकारियों के खाते वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए सक्रिय कर दिए गए हैं।

2. चूंकि राजभाषा विभाग केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा (CSOLS) संवर्ग के रूप में कार्यरत है, अतः पारंपरिक APAR की तरह ही SPARROW प्रणाली में भी राजभाषा विभाग की भूमिका केवल संवर्ग नियंत्रण अधिकारी के रूप में है। प्रत्येक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय, जहाँ-जहाँ CSOLS संवर्ग के अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं, APAR सृजन करने की प्रक्रिया की शुरुआत प्रत्येक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय स्तर पर नामित Custodian Nodal Officer द्वारा की जानी है, जिसमें संबंधित अधिकारी के लिए रिपोर्टिंग एवं समीक्षा अधिकारियों का निर्धारण एवं अद्यतन करना भी शामिल है। अंततः, पूर्व प्रचलन के अनुसार, पूर्ण किए गए APAR का अभिलेख व रख-रखाव राजभाषा विभाग द्वारा किया जाएगा। अतः यह अत्यावश्यक है कि प्रत्येक कार्यालय स्तर पर यथाशीघ्र नोडल अधिकारी नामित कर संबंधित जानकारी विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि APAR सृजन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से प्रारंभ की जा सके।

3. अतः सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों से अनुरोध है कि वे संबंधित मंत्रालय/विभाग/कार्यालय में उस अधिकारी को Custodian Nodal Officer के रूप में नामित करें, जो SPARROW पोर्टल पर अन्य संवर्गों (जैसे CSS, CSSS आदि) के APAR सृजन की प्रक्रिया का दायित्व निभा रहे हों। ऐसे नोडल अधिकारी का विवरण संलग्न लिंक https://nicforms.nic.in/nicforms_designer/form_render.php (या QR code) के माध्यम से अथवा राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक द्वारा दिनांक 05 जुलाई, 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय-सीमा में विवरण प्राप्त होने पर ही संबंधित अधिकारियों की APAR प्रविष्टि की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से प्रारंभ की जा सकेगी।


**(राजेश कुमार)**
सहायक निदेशक(रा.भा.)
दूरभाष: 011-23438125


संलग्न: विवरण प्रेषण हेतु लिंक

सेवा में,

1. अवर सचिव (प्रशासन/स्थापना), संबंधित मंत्रालय/विभाग/कार्यालय तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा विभाग की वेबसाइट के माध्यम से।
2. केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग से संबंधित सभी मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों के राजभाषा अनुभाग के नियंत्रण अधिकारियों को राजभाषा विभाग की वेबसाइट के माध्यम से।
3. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राजभाषा विभाग, एन.आई.सी.। कृपया इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें।
4. गार्ड फ़ाइल।

CSOLS के कार्मिकों हेतु SPARROW पोर्टल पर Custodian Nodal Officer नामित करने के संबंध में

Name of the Concerned Officer*

Orgnization Name*

employee code*

Services :ex. CSSS/CSS etc*

Email id*

Mobile Number*

CAPTCHA

g4a4f4 Not readable? Change text.

Submit

Never submit passwords through NIC Forms.

Helpdesk: dol nic